# Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

**Shashank Shekhar Sinha**
**President**
Mob. No.- 9334118192

**Anil Kumar**
**General Secretary**
Mob. No.- 9431409463

सत्यमेव जयते

**Vice President**
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

**Joint Secretary**
Subodh Kumar
7979919465

**Gopal Sharan**
8210342042

**Treasurer**
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

**Joint Treasurer**
Mona Jha
9430881025


Memo No ............................ Date ............................

सेवा में,

**माननीय मुख्यमंत्री,**
बिहार, पटना।

**विषय:- बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए 5 जिला पदाधिकारी एवं राज्य सरकार के सरकारी उपक्रमों/बोर्ड/निगम इत्यादि के प्रबंध निदेशक एवं विभिन्न विभागीय निदेशालय के निदेशक का पद बिहार प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली मे प्रावधान किए जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि 29.03.1999 को बिहा प्रशासनिक सेवा संघ से वार्त्ता के क्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री, बिहार तथ उच्चस्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया था कि बिहा राज्य में जिला पदाधिकारी के पाँच पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा व पदाधिकारियों के स्थान पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थाप किया जाएगा। उक्त बैठक में तत्कालीन मुख्य सचिव श्री विजय शंकर दुबे व अतिरिक्त तत्कालीन वित्त आयुक्त एवं गृह सचिव भी उपस्थित थे। पु दिनांक-27.10.2000 को तत्कालीन मुख्यमंत्री, बिहार, पटना की उपस्थिति में इसव अनुपालन हेतु निर्णय हुआ। तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री स्तर पर हुए इस निर्ण का आज तक अनुपालन नहीं हो पाया है।

ज्ञातव्य हो कि देश के कई राज्यों में राज्य प्रशासनिक संवर्ग पदाधिकारियों का नियमानुसार बिना भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति पाए **जिल पदाधिकारी एवं राज्य सरकार के सरकारी उपक्रमों/बोर्ड/निगम इत्यादि प्रबंध निदेशक एवं विभागीय निदेशालय के निदेशक** के पद पर पदस्था

**Shashank Shekhar Sinha**
**President**
Mob. No.- 9334118192

**Anil Kumar**
**General Secretary**
Mob. No.- 9431409463

**Vice President**
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

**Joint Secretary**
Subodh Kumar
7979919465

**Gopal Sharan**
8210342042

**Treasurer**
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

**Joint Treasurer**
Mona Jha
9430881025


Memo No ........................ Date ........................

होता है। **उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मेघालय, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, जम्मु एवं कश्मीर** इत्यादि प्रदेशों में यह व्यवस्था लागू है। अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड एवं त्रिपुरा में **विभागीय प्रमुख/सचिव** का क्रमशः 3,4,10,1 पद राज्य प्रशासनिक पदाधिकारी का संवर्गीय पद है।

अन्य राज्यों में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए जिला पदाधिकारी का पद भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के लिये कर्णांकित पद में से ही आरक्षित किया जाता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली, 1954 के नियम 3(2) एवं उप नियम (2) पठित नियम (4) तथा अखिल भारतीय सेवा (संयुक्त संवर्ग) नियमावली, 1972 के नियम 6 द्वारा उक्त संशोधन किया जा सकता है। अखिल भारतीय सेवा (संयुक्त संवर्ग) नियमावली, 1972 के नियम 4 में संबंधित राज्य प्रतिनिधि समिति का प्रावधान है, जो इस संबंध में केन्द्र सरकार की सहमति से नियमानुसार निर्णय ले सकता है।

अखिल भारतीय सेवा (संयुक्त संवर्ग) नियमावली के नियम-9 के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के चिन्हित रिक्त पदों पर गैर संवर्गीय पदाधिकारी के अस्थाई पदस्थापन का प्रावधान है। बिहार में ही बिहार पुलिस सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों का पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापना की जाती है। किन्तु यह प्रक्रिया बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए बिहार में नहीं अपनाई जाती है।

भवदीय अवगत हैं कि इसी राज्य का निवासी होने तथा राज्य में लंबी अवधि की सेवा के उपरांत बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी राज्य की स्थानीय परिस्थिति, सामाजिक परिवेश तथा भौगोलिक स्थिति से भली-भाँति अवगत होते है

# Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

**Shashank Shekhar Sinha**
**President**
**Mob. No.- 9334118192**

**Anil Kumar**
**General Secretary**
**Mob. No.- 9431409463**

**Vice President**
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

**Joint Secretary**
Subodh Kumar
7979919465

**Gopal Sharan**
8210342042

**Treasurer**
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

**Joint Treasurer**
Mona Jha
9430881025


Memo No .......................... Date ..........................

और स्थानीय समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से करने में सक्षम होते है। इस सेवा के पदाधिकारी अपने सेवाकाल में राज्य में विभिन्न प्रशासनिक स्तर पर विभिन्न विभागों में कार्य करने के पश्चात् अन्य केन्द्रीय सेवाओं/राज्य सेवाओं के पदाधिकारियों की तुलना में कार्य निष्पादन अनुभव आधारित दृष्टिकोण से बेहतर तरीके से कर सकते हैं और यही कार्यक्षमता उन्हें अन्य पदाधिकारियों/सेवाओं से विशिष्ट बनाती है।

बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों की राज्य के विकास में उपयोगिता के संदर्भ में भवदीय की अपेक्षा से हम सभी भली-भाँति अवगत हैं तथा पूरा संवर्ग आपकी तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। इस सेवा के पदाधिकारियों को पूर्ण विश्वास है कि आपके ही कुशल नेतृत्व में भविष्य में नियमित रूप से होनेवाले संवर्ग निर्धारण प्रक्रिया की समीक्षा के तहत इन बिन्दुओं के संबंध में ठोस निर्णय लिया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करने हेतु सक्षम प्राधिकार को आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन — विश्वासभाजन

(अनिल कुमार) — (शशांक शेखर सिन्हा)

ज्ञापांक:- ....02............../ दिनांक- 6-1-2020

प्रतिलिपि:- मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन — विश्वासभाजन

(अनिल कुमार) — (शशांक शेखर सिन्हा)